(II)

"In accordance with the provisions of rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose the Jammu and Kashmir Appropriation Bill, 1991, as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 10th January, 1991.

2. The Speaker has certified that this Bill is a Money Bill."

(III)

"In accordance with the provisions of rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose the Salary and Allowances of Leaders of Opposition in Parliament (Amendment) Bill, 1991, as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 10th January, 1991."

(IV)

"In accordance with the provisions of rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose the Jammu and Kashmir Criminal Law Amendment (Amending) Bill, 1991, as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 10th January, 1991."

Sir, I lay a copy of each of the Bills on the Table.

DEMAND FOR STATEMENT BY THE PRIME MINISTER ON SITUATION IN GULF

श्री सैयद सिब्ते रजी (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, कल उपवित्त मंत्री ने अपने भाषण के दौरान यह कहा था कि माननीय प्रधान मंत्री जी गल्फ की सिच्चुयेशन पर अपना स्टेटमेंट क्या बातें रखेंगे । आज सिच्चुयेशन बहुत टेंस है । बेकर और अजीज की वार्ता फेल हो चुकी है । यूनाइटेड नेशंज के सेक्रेटरी जनरल जरूर इराक जा रहें हैं सद्दाम हुसैन से मिलने या पहुंच गये होंगे । भारत की ओर से इस संबंध में क्या प्रयास हो रहा है गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के कर्ताधर्ता के नाते । खास तौर पर यह जो सिच्चुयेशन हो रही है उसमें क्या कंटेंनजेंसी प्लान आ रहा है ? हमारे 15 लाख लोग वहां फंसे हुए हैं । आज सदन का आखिरी दिन है । इसलिए प्रधान मंत्री या सरकार इस संबंध में कोई अपना वक्तव्य दें या सूचना दें जिससे हम लोगों की जो इस वक्त चिन्ता बनी हुई है उसमें कुछ कमी हो सके ।

वित्त मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री दिग्विजय सिंह) : आज एक प्रस्ताव लोकसभा में इसी संदर्भ में आ रहा है । सारी पार्टियों के नेताओं से बैठकर के विचार-विमर्श किया गया है । वह प्रस्ताव लोकसभा के स्पीकर को अभी दिया गया है । उस पर यह तय हो रहा है कि स्पीकर की तरफ से प्रस्ताव आए या प्रधान मंत्री जी पेश करें । यहां सदन में प्रधान मंत्री जी तीन बजे एक दूसरी बहस में उलझने वाले हैं अगर समय मिला तो जरूर मैं चाहूंगा कि प्रधान मंत्री जी . . . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री अजीत जोगी (मध्य प्रदेश) : इस सदन का अपना महत्व है . . (**व्यवधान**)

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) : प्रस्ताव सदन में लाया जाएगा । . . . (**व्यवधान**)

श्री दिग्विजय सिंह : मैं वही बात कह रहा था । प्रस्ताव यहां भी लाया जा रहा है । समय की दिक्कत हो रही है । पहले पांच बजे तय था लेकिन अब जब भी समय देंगे तभी इस सदन में इस प्रस्ताव को लाया जाएगा ।

REFERENCE TO THE PRIVILEGE NOTICE AGAINST M/s. RELIANCE INDUSTRIES

SHRI A. G. KULKARNI (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, Sir, I